हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

भाजपा नेता होरी लाल ने सीएम साय को जन्मदिन पर दी बधाई 12



165 आदिवासी नागरिकों की घर वापसी विधायक ... 11





## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 23 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 23 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सोमनी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर कार्रवाई हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम सांकरा मोड सोमनी के पास संदेही रामकुमार साहू 42 साल निवासी ग्राम नवागांव मुढीपार से अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु लाना पाए जाने से मौके पर नोटिस देकर 23 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1840 को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई किया गया।

### दो पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक स्थान पर शराब को सेवन करने एवं वाद-विवाद कर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 22 फरवरी को आम स्थान पर शराब पीने वाले आरोपी संत सिन्हा 45 साल मोतीपुर के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया। वहीं लड़ाई-झगड़ा कर परिशांति भंग करने वाले राकेश सिन्हा 30 साल मोतीपुर, अजय गढेव्राल 34 साल रामनगर के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### 24 से 3 मार्च तक रहेगा होलाष्टक

**राजनांदगांव।** होलाष्टक 24 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक रहेगा। फाल्गुन शुक्ल सप्तमीयुक्त अष्टमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक चलने वाली इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, वाहन व मकान की खरीद-बिक्री, नया व्यवसाय या निर्माण कार्य जैसे सभी मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। होलाष्टक में शुभ कार्य टालना ही श्रेयस्कर है। इसका धार्मिक, आध्यत्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी है।

पंडितों ने बताया कि अष्टमी से पूर्णिमा तक नवग्रह उग्र रूप में रहते हैं। इसमें अष्टमी को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को कोर गुरू, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल और पूर्णिमा को राहु। यह समय तंत्र-मंत्र और यंत्र की सिद्धी का है। पंडित का कहना है कि यह समय भक्ति, जप, तप, व्रत व दान-पुण्य के लिए श्रेष्ठ है। भगवान शिव, विष्णु व हनुमान आराधना, महामृत्युंजय मंत्र जाप, भजन-कीर्तन व सेवा कार्य विशेष फलदायी माने जाते हैं। तांत्रिक दृष्टि से यह साधना व सिद्धी का काल है।

### आम बगीचे के पास मिला महिला का शव

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली से बेलगांव मुख्य मार्ग से लगे अछोली आम बगीचा के पास एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। प्रथम दृष्टया शव की स्थिति को देखते हुए उक्त महिला की हत्या कर फेंका जाना प्रतीत हो रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत अछोली के बेलगांव मुख्य मार्ग से लगे ग्राम अछोली के आम बगीचा के पास एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में शव देखा गया। जिससे आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या कर उक्त स्थल पर फेंका गया है। बताया गया कि महिला के सिर पर चोंट के गंभीर निशान है। जिससे चेहरा अस्पष्ट है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

# बढ़ती तपिश को देखकर नगर में सजने लगा गर्मी का बाजार

## चश्मा, टोपी, गन्ना रस, शीतल पेयजल, कूलर और खस की सजी दर्जनों दुकाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ठंड के बाद अब लोगों को बाजार गर्मी का एहसास कराने लगा है और दुकानदारों ने भी गर्मी के मौसम के अनुरूप अपनी-अपनी दुकानें सजा ली। गर्मी के शुरुआती दौर में ही गली मोहल्घंटी बजाते आइसक्रीम और बर्फ गोला बेचने वाले नजर आने लगे हैं, इस आइसक्रीम और बर्फ गोला विक्रेताओं की घंटी सुनकर बच्चे बरबस ही इनकी और खींचे चले जाते हैं। इसके अलावा नगर में कई आइसक्रीम पार्लर भी खुल गए हैं, हालांकि इन आइसक्रीम पार्लर में अभी भी अपेक्षाकृत कम ग्राहक पहुंच रहे हैं।

हर वर्ग के लोगों की पहली पसंद गन्ना रस की भी दर्जनों दुकानें जिला मुख्यालय के प्रमुख चौक चौराहों व बस स्टैंड में सजने लगी है। मौसमी फलों की दुकानों भी बाजार में नजर आने लगे हैं, मौसमी फल अंगूर, संतरा, तरबूज ,खरबूज, केकड़ी आदि पहुंचने लगे हैं। इसके अलावा गर्मी में सूखे कंठ को तर करने दूसरे प्रकार की कोल्ड ड्रिंक्स भी बिकने लगे हैं लोगों को गर्मी के तेज तफन से बचाने भी बाजार में दर्जनों दुकानें सज चुकी है जिनमें पंचा चश्मा बिक रहे हैं। इसके अलावा नगर में पंखा ,कूलर भी इंटरप्राइजेज की दुकानों में बिकने लगे हैं। हर तबके के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय कुम्हार मटका भी बाजार आने लगे हैं वहीं गली मोहल्लों में फेरी लगाकर मटका बेचे जा रहे हैं। कुल मिलाकर नगर में गर्मी का बाजार पूरी तरह से सज चुका है और लोगों को गर्मी का एहसास भी कराने लगा है। लेकिन गर्मी बाजार में फिलहाल ग्राहकी कम है दुकानदारों का मानना है कि मार्च व अप्रैल माह मैं बाजार पर रौनक दिखने लगेगी।



### आम जनों के घर लगने लगे कूलर बाजार में खस की दुकानें भी लगी

फरवरी माह के क्षणों में ही गर्मी की तपिश एहसास कराने लग गई है और लोगों के घर में बंद पड़े कूलर एसी चालू हो गए हैं। साल भर के बाद कूलर में लगने वाले खस भी दुकाने दिखलाई देने लगी है। लोग अपने कूलर खस का बदलाव करने खस की दुकानों में पहुंच रहे हैं और गर्मी को देखते हुए अपने अपने घरों की खिड़कियों में लगाने की तैयारी पर जुट रहे हैं। अधिकांश आमजन के घरों में कूलर की साफ-सफाई मैं लगे हुए नजर आ रहे हैं। आम जनों का कहना है कि इस बार ठंड ने उतना एहसास नहीं दिलाया परंतु गर्मी इस बार जोरदार रहेगी क्योंकि शुरुआती क्षणों में ही गर्मी की तपिश दिखलाई पड़ रही।

## परीक्षा

### न ज्यादा कठिन न आसान पेपर, छत्तीसगढ़ी सवालों ने बढ़ाई उलझन


# 84 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी राज्य लोक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रविवार को जिला मुख्यालय बेमेतरा की सड़कों पर सुबह से ही असामान्य चहल-पहल देखने को मिली। हाथ में एडमिट कार्ड, कंधे पर उम्मीदों का बोझ और चेहरे पर आत्मविश्वास लिए हजारों युवा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य लोक सेवा प्रारंभिक परीक्षा देने परीक्षा केंद्रों की ओर बढ़ते नजर आए। दिनभर चले इस अग्निपरीक्षा' के बाद बाहर निकले परीक्षार्थियों के चेहरों पर कहीं राहत की मुस्कान थी तो कहीं छत्तीसगढ़ जीएस के सवालों को लेकर हल्की उलझन। जिले में परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन की सख्त निगरानी और पुख्ता व्यवस्थाओं के बीच परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा गया।

- परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और अनुशासन के बीच शांतिपूर्ण आयोजन

जिला प्रशासन के अनुसार परीक्षा के लिए जिले में कुल 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें केंद्र 2501 में 654 में से 541 उपस्थित एवं 113 अनुपस्थित रहे। वहीं केंद्र 2502 के 360 में से 292 उपस्थित, 68 अनुपस्थित रहे और केंद्र 2503 में 360 में से 312 उपस्थित, 48 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 1374 ▶▶| शेष पेज 11 पर



### पेपर का मिजाजः न ज्यादा कड़ा, न बहुत नरम

अभ्यर्थियों के अनुसार इस बार प्रश्नपत्र संतुलित रहा। राष्ट्रीय स्तर के सामान्य अध्ययन के प्रश्न अपेक्षाकृत आसान थे, लेकिन छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान से जुड़े सवालों ने कई उम्मीदवारों की तैयारी की असली परीक्षा ले ली। कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि करंट अफेयर्स के सवाल प्रभावी रहे, वहीं कुछ को यह हिस्सा सीमित लगा। शासन की योजनाओं और क्रेडा से जुड़े प्रश्नों ने तैयारी करने वाले उम्मीदवारों को बढ़त दिलाई।



**दो पालियों में हुई परीक्षा, दिनभर बना रहा परीक्षा का माहौल** : परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चला। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों और अभिभावकों की भीड़ लगी रही। पहली पाली समाप्त होने ▶▶| शेष पेज 11 पर

### बजट और आर्थिक सर्वेक्षण ने किया 'स्कोर' तय

आर्थिक विषयों में इस बार बजट और आर्थिक सर्वेक्षण से जुड़े 2 से 4 महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए। जिन अभ्यर्थियों की अर्थशास्त्र और समसामयिक घटनाओं पर मजबूत पकड़ रही, उनके लिए यह हिस्सा आसान साबित हुआ। कई अनुभवी उम्मीदवारों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस बार के प्रश्नपत्र को अधिक व्यवस्थित बताया।

### कॉम्पिटिशन होगा कड़ा कटऑफ बढ़ने की उम्मीद

कुल मिलाकर दोनों पालियों के बाद अभ्यर्थियों का उत्साह बना रहा। अधिकांश परीक्षार्थियों ने पेपर को औसत स्तर का बताया, जिससे इस बार प्रतियोगिता कड़ी होने और कटऑफ बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। अब अभ्यर्थियों की नजरें परिणाम और मुख्य परीक्षा की तैयारी पर टिकी हैं।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं जैमर का उपयोग

परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों में जैमर लगाए गए थे, ताकि किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का दुरुपयोग न हो सके। आयोग द्वारा जारी 12 बिंदुओं के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया। पुलिस बल की तैनाती के साथ ही केंद्रों के आसपास सुरक्षा घेरा बनाया गया था, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकी।

### आयोग सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा ने किया औचक निरीक्षण

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा ने तीनों परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण न्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी पिंकी मनहर को बेहतर प्रबंधन के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. वर्मा ने विशेष रूप से पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की सराहना की।

## अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार, 3.50 लाख का सामान बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सायबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय चोरी गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात, नगद, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, तीन आईफोन सहित कुल 3 लाख 50 हजार 530 रुपये का मशरूका बरामद किया है।

- सायबर सेल व सिटी कोतवाली की संयुक्त कार्रवाई

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी विक्रम सिंह (42 वर्ष) निवासी ग्राम जेवरा ठाकुर पारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 फरवरी 2026 की रात 12 बजे से सुबह 6 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तीन कमरों के ताले तोड़कर तिजोरी में रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर चांदी के 5 सिक्के कीमत 10 हजार रुपये, लक्ष्मी माता की चांदी की मूर्ति 15 हजार रुपये, पीतल, कांसे व तांबे के बर्तन करीब 5 हजार रुपये तथा 22 हजार रुपये नकद सहित कुल 52 हजार रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए थे। रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305(ए) व 3(5) के तहत अपराध ▶▶| शेष पेज 11 पर

### टेक्निकल जांच से मिले अहम सुराग

मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। सायबर सेल की तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने रायपुर जिले के खम्हारडीह क्षेत्र से विष्णु साहू (19), रूपेश सोना (19) और कृष्णा यादव (19) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने बेमेतरा, ग्राम रांका, अभनपुर और मध्यप्रदेश के साहपुरा (जबलपुर) में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चांदी की मूर्तियां, सिक्के, आभूषण, सोने का सिक्का, नकदी 530 रुपये, एक मोटरसाइकिल कीमत लगभग 1 लाख रुपये तथा तीन आईफोन करीब 1.20 लाख रुपये बरामद किए गए। तीनों आरोपियों को 22 फरवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## आडंबरयुक्त जीवनशैली में सामूहिक आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता हैः छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा झेरिया लोहार समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

- छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा झेरिया लोहार समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक छाबड़ा

अपने संबोधन में पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि झेरिया लोहार समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन एक अनुकरणीय पहल है। ऐसे आयोजनों से विवाह योग्य युवक-युवतियों को जीवनसाथी चयन में सुविधा मिलती है और अनावश्यक व आडंबरपूर्ण खर्चों में कमी आती है। उन्होंने कहा कि जब समाज के लोग एक मंच पर बैठकर संवाद करते हैं तो आपसी समझ, सौहार्द और सामाजिक एकता मजबूत होती है। उन्होंने पारिवारिक मिलन समारोह की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान आडंबरयुक्त जीवनशैली में इस प्रकार के सामूहिक ▶▶| शेष पेज 11 पर

### शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का किया आग्रह

पूर्व विधायक ने समाज के प्रबुद्धजनों से विशेष रूप से शिक्षा, खासकर बालिका शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति का मूल आधार शिक्षा है और प्रत्येक परिवार को इसे अपनी प्राथमिकता बनाना चाहिए। कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए उन्होंने समाज के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर माधुरी रवि परगनिया (जनपद अध्यक्ष बेरला), तुलसी पटेल (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी भिलाई), शुभम वर्मा (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला), सीमा टिकरिया (जनपद सदस्य बेरला), ललित विश्वकर्मा (जिला कांग्रेस प्रभारी मंत्री), रामस्वरूप विश्वकर्मा (प्रदेश सचिव, विश्वकर्मा समाज), राधेलाल विश्वकर्मा (कार्यकारिणी अध्यक्ष), सुरेश विश्वकर्मा (जिला उपाध्यक्ष), बलदाऊ शर्मा (अध्यक्ष मां कार्य कन्या समिति भैंस बोर्ड बेरला), भोजराम विश्वकर्मा एवं मुकुर राम विश्वकर्मा (संरक्षक) सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बेमेतरा भाजपा एससी प्रकोष्ठ ने बनाई नई कार्यकारिणी

**नांदघाट।** बेमेतरा भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री खेलू टंडन ने अपनी कार्य-कारणी गठित की है जिसमें छेत्र के नेताओं को भी महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया गया है। संतोष चर्तुवेदी जिला उपाध्यक्ष मारो नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे को को कोषाध्यक्ष अशोक कोशले मंत्री प्रमोद कुर्रे सह शोसल मीडिया प्रभारी अजय देशलहरे सह प्रभारी आईटी सेल एवं किशन गात्रे थानुदास बंजारे जितेंद्र बर्मन कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। बुंदेला के युवा नेता निरंजन चेलक को मारो मंडल के अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रविवार को शहर के वार्ड क्रमांक 6 में रेडियो के माध्यम से मन की बात के 130वें एपिसोड को नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पार्षदों के साथ सामूहिक रूप से सुना।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की प्रगति, जनभागीदारी, नवाचार, स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भर भारत और युवाओं के प्रेरणादायक प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा किए जा रहे सकारात्मक कार्यों का उल्लेख करते हुए राष्ट्र निर्माण में सभी की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

कार्यक्रम के उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन से संवाद का सशक्त माध्यम है, जो प्रत्येक नागरिक को देशहित में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश संयोजक मोंटी साहू, होरी लाल सिन्हा, मंडल अध्यक्ष युगल देवागन, सभापति विकास तंबोली, सभापति नीतू कोठारी, शिव पाटिल, ललिता साहू, संदीप यादव, दोहाईं वर्मा, राजू देवागन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### खाद्य तेल, पेय पदार्थ, सौन्दर्य, घरेलू सफाई उत्पाद व किराना सामानों में भारी बढ़ोत्तरी

# जीएसटी कटौती का असर समाप्त, सामान पांच फीसदी तक हुए महंगे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष सितंबर माह मे जीएसटी के दरो मे कटौती कर देशभर मे जीएसटी उत्सव मनाई गयी थी जिसका असर ज्यादा दिन नही रहा और महज पांच माह मे आवश्यक व रोजमर्रा के वस्तुओ के दामों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिल रहा है जिसका सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

फास्ट मूविंग कन्ज्युमर गुड्स अंतर्गत उपयोग मे आने वाली खाद्य पदार्थ, पेयपदार्थ, सौन्दर्य, स्वच्छता उत्पाद, घरेलू सफाई उत्पाद, व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद, शैंपू, टूथपेस्ट, हेयर आईल, कास्मेटिक, चाकलेट, नूडल्स सहित दैनिक उपयोग मे लायी जाने वाली सामानो के खुरदरे मूल्य मे काफी वृद्धि कर दी गयी है। शादी सीजन मे खाद्य तेल की कीमत प्रति टीन 2400 से पार है जबकि मसालो की कीमते भी आसमान छू रही है ऐसे मे लोगो की बजट बिगड़ना स्वभाविक हो जाता है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### नियमों के डर से जीएसटी कटौती के बाद कंपनीयो ने दिया था लाभ

मोदी सरकार द्वारा जीएसटी दर मे कमी लाने के बाद पीएमसीजी कंपनीयो जैसे हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड, डाबर इंडिया व टाटा कंपनीयो ने मुनाफाखोरी नियमो के तहत ही नियामक जांच के भय से आवश्यक वस्तुओ के दामो मे कटौती का लाभ ग्राहको तक पहूंचाने मे बड़ी तेजी दिखाई थी लेकिन कंपनियां अब धीरे धीरे उत्पादो की कीमते बढाने मे जोर दे रही है।लगातार रूपए मे गिरावट व कच्चे तेल की दामो मे वृद्धि का असर भी रोजमर्रा की वस्तु के दरो मे बढोतरी के साथ देखने को मिल रहा है।डीएसटी दर कम होने के बाद उत्सव मनाने वाले आज आवश्यक वस्तुओ के दामो मे वृद्धि पर भी क्या त्योहार मना पायेंगे?कुछ भी हो पर लगातार रोजमर्रा के सामानो मे वृद्धि से समान्य लोगो पर बूरा असर पड़ रहा है।



### मुनाफाखोरों को सकती सात वर्ष की कारावास

देश मे कालाबाजारी, जमाखोरी, मुनाफाखोरी जैसे मामलो के लिए सक्त कानून बनाया गया है जिसके तहत आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत धारा 3/7 के तहत आरोप सिद्ध होता है तो 7 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। इतने सक्त कानून होने के बावजूद आज अवैध अनाज भंडारण, जमाखोरी व मुनाफाखोरी व कालाबारी का देश मे बड़ा बोलबाला है। अकसर देखा गया है कि मूनाफाखोरी के चलते ही खुले बाजार मे आवश्यक वस्तुओ की दामो मे वृद्धि होती है ऐसी परिस्थितियों मे खाद्य एवं सुरक्षा विभाग तथा खाद्य विभाग को चौकन्ने रहने की जरूरत होती है ताकी खुले बाजारो मे वस्तुओ का दाम स्थिर बनी रहे।इस प्रकार लगाताल रोजमर्रे की वस्तुओं मे हो रही वृद्धि पर लगाम कसने की जरूरत है, वर्तमान मे शिदी सीजन व नवरात्रि प्रारंभ होने के चलते ही नगर सहित क्षेत्रभर मे खाद्य तेलो की अवैध भंडारण भी शुरू हो चुकी है ऐसे मे दामो मे वृद्धि तो होना ही है।

